राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

RNI. No. UPHIN/2010/36806

शख्सियत/प्रमुखता

केशरी दर्पण

www.kesharidarpan.com राजधानी दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, जयपुर, चंडीगढ़, पटना, शिमला, देहरादून से प्रसारित

www.kesharidarpan.com

सम्पादकः सुभाष चन्द

मो. 9837749557

सच्चाई सामने होगी

वर्षः16, अंकः 42 E-mail: subhashchand4@gmail.com बागपत, सोमवार, 09 से 15 नवंबर 2026 (पृष्ठः4) मूल्य 3 रुपया.

दीवाली के दिन देश के अलग-अलग राज्यों में आग की घटनाए

विशाल कश्यप/एजेंसी, नई दिल्ली। दीपावली के दिन देश के अलग-अलग राज्यों में एक के बाद एक आगजनी की घटनाएं सामने आईं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर बिहार, तेलंगाना, हरियाणा और सिक्किम तक में फैक्ट्रियों, गोदामों, कबाड़ की दुकानों और पुराने अस्पताल परिसर में आग लगने की खबरें सामने आई हैं। कहीं शॉर्ट सर्किट तो कहीं पटाखों की चिंगारी को शुरुआती वजह माना जा रहा है। कई जगहों पर प्लास्टिक और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण दमकलकर्मियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित विजयनगर औद्योगिक क्षेत्र की नोवा बोल्ट प्लास्टिक कंपनी में भयानक आग लग गई। प्लास्टिक की कुर्षियां बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के कारण लपटों ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और आसमान में काले धुएं का घना गुबार छा गया। दमकल की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति संभाली।

राजधानी दिल्ली के नजफगढ़ स्थित नांगली सकरावती इलाके में एक गारमेंट फैक्ट्री में शाम बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद तुरंत दमकल की 25 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया और कूलिंग ऑपरेशन शुरू किया। हरियाणा के सोनीपत स्थित बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में जूसर-मिक्सर बनाने वाली नॉर्थ वेस्ट इंडस्ट्रीज की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की लपटों ने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। सोनीपत और पानीपत से पहुंचीं दमकल की 6 से अधिक गाड़ियों को 3 घंटे बाद भी मशक्कत करनी पड़ी।

अवैध निर्माण और फायर मूवमेंट रोड पर कब्जों के कारण दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने में काफी दिक्कतें आईं। उधर तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के कटेदन इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक ग्रैन्यूल बनाने वाली फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जो पास की एक प्लाईवुड यूनिट तक फैल गई।

2028 तक चांद पर इंसानों को दोबारा भेजने का लक्ष्य

सुशील/एजेंसी, नई दिल्ली। दुनिया भर में अंतरिक्ष राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा और ताकत का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अंतरिक्ष में अमेरिका के दबदबे को लेकर एक बड़ा एलान किया है, जिसमें 2028 तक चांद पर इंसानों को दोबारा भेजने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रंप के इस बयान के बाद एक बात को साफ हो गई है कि जो देश अंतरिक्ष में आगे रहेगा, वही भविष्य की दुनिया तय करेगा। ऐसे में अब सवाल है कि इस ग्लोबल रेस के बीच भारत अभी कहां है?

इसरो ने दुनिया भर में अपनी विश्वसनीयता और कम खर्च में सफल मिशन भेजने के लिए एक मिसाल कायम की है। लेकिन साल 2026 के शुरुआती लॉन्च रिकॉर्ड ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या भारत के पास अपनी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त और भरोसेमंद लॉन्च क्षमता है?

इस साल शुरुआती महीनों में भारत के तीन ऑर्बिटल लॉन्च हुए, जिसमें से 2 सफल रहे और 1 असफल रहा। यह चेतावनी जरूर देती है कि अंतरिक्ष यात्रा अब कभी-कभार मिलने वाली सफलता से नहीं चल सकती। इसके लिए लगातार, भरोसेमंद और किफायती उड़ानों की जरूरत है। आज अंतरिक्ष का पूरा अर्थशास्त्र बदल चुका है। अब रियूजेबल रॉकेट यानी दोबारा इस्तेमाल होने वाले रॉकेट, कमर्शियल राइडशेयर और बड़े सैटेलाइट्स का दौर है।

सोनिया गांधी की आत्मकथा पूरी तरह से निजी किताब

अनुष्का/एजेंसी, नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा के भारत में रिलीज होने से महज दो दिन पहले कहा कि उनकी यह पुस्तक कोई राजनीतिक संस्मरण नहीं, बल्कि पूरी तरह से निजी किताब है। उनका उद्देश्य अपने परिवार को उन इंसानों के रूप में ईमानदारी से पेश करना है, जिन्हें वे करीब से जानती थीं और जिनसे वे प्रेम करती थीं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि यह कोई राजनीतिक किताब नहीं है, बल्कि एक निजी किताब है। मेरे परिवार के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन शायद ही कभी उनके असली व्यक्तित्व, उनकी प्रेरणाओं, उनके संघर्षों और उनकी मानवीय कमियों को गहराई से समझा गया हो। मैं उन्हें ईमानदारी से पेश करना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि जीवन के अधिकांश समय तक उन्होंने अपनी निजी दुनिया को बेहद सीमित और सुरक्षित रखा। राजनीति में दुखद परिस्थितियों के कारण प्रवेश करने के बावजूद उन्होंने अपनी निजता को बचाए रखा। सार्वजनिक जीवन की व्यस्तताओं से दूर होने के बाद ही उन्हें अपनी इस कहानी को नए सिरे से और स्पष्टता से देखने का अवसर मिला।

सोनिया गांधी ने लिखा कि जब उन्होंने पीछ मुड़कर देखा, तो उन्हें अपनी पूरी जिंदगी में एक ही मुख्य सूत्र नजर आया। वह था प्यार और उससे उपजी वफादारी। उस दौर को याद किया जब इटली के एक छोटे से शहर की 19 साल की युवती की मुलाकात कैम्ब्रिज में एक युवा भारतीय छात्र राजीव गांधी से हुई थी। इसी प्रेम और विश्वास ने उन्हें एक बिल्कुल नए देश और परिवार से जोड़ा, सास इंदिरा गांधी के साथ एक गहरा मजबूत रिश्ता साझा किया और मिलकर बच्चों की परवरिश की।

केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बने

भारत के किसी भी जनपद, तहसील या थाना क्षेत्र में केशरी दर्पण समाचार पत्र के पत्रकार बनने के लिए संपर्क करें। आप केशरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट से भी जुड़ सकते है। समाचार पत्र की वेबसाइट www.kesharidarpan.com पर अपना रजिस्ट्रेशन कर लॉगिन करे। आप स्वयं केशरी दर्पण समाचार पत्र की वेबसाइट पर समाचार फोटो आदि भी अपलोड कर सकते हैं। सोनीपत जनपद में श्रीमती अंजू देवी पत्नि श्री कृष्ण पाल, सोनीपत मो. 9416957607

निवेदक-सुभाष चंद, संपादक, केशरी दर्पण (हिंदी साप्ताहिक) 9837749557

www.kesharidarpan.com

पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी 99 वर्ष के हो गए

तरुण/एजेंसी, नई दिल्ली। रविवार को भाजपा के सीनियर लीडर और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी 99 वर्ष के हो गए और उन्होंने अपने जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है। भारत रत्न आडवाणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीयूष गोयल सहित देश के कई प्रमुख राजनेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी।

शीर्ष नेतृत्व ने भारतीय राजनीति को नई दिशा देने, लोकतंत्र की रक्षा करने और शून्य से भाजपा संगठन को इस शिखर तक पहुंचाने में उनके अभूतपूर्व व अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवाणी जी को बधाई देते हुए इस दिन को बेहद खास बताया। अपने संदेश में कहा कि आज 8 नवंबर का दिन एक ऐतिहासिक पड़ाव है। आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी अपने 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। इस विशेष अवसर पर उन्हें मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राजनाथ सिंह- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आडवाणी जी को जन्मदिन की दिली मुबारकबाद दी। वहीं, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि श्रद्धेय भारत रत्न आडवाणी जी आज 99 वर्ष पूरे कर 100वें साल में कदम रख रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य, दीर्घायु और आशीर्वाद भरे जीवन की प्रार्थना की और उम्मीद जताई कि देश व संगठन को उनका मार्गदर्शन लगातार मिलता रहेगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हमारे प्रेरणास्रोत, श्रद्धेय भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

फ्यूल स्टेशनों पर एथनॉल की अत्यधिक मिलावट की जांच

छोटू कश्यप/एजेंसी, बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने रविवार को कहा कि कहा कि राज्य के फ्यूल स्टेशनों पर एथनॉल की अत्यधिक मिलावट की जांच काफी व्यापक है। इसमें वे प्रोसेसिंग यूनिट्स भी शामिल हैं, जहां ईंधन और केमिकल को मिलाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकती क्योंकि जन सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री रिजवान अरशद सोमवार को एक विस्तृत रिपोर्ट जारी करेंगे, जिसमें दस्तावेजी सबूतों के साथ यह बताया जाएगा कि यह मिश्रण कैसे और कहां किया जाता है।

सिर्फ कम कीमत पर मिलने वाले एथनॉल से मुनाफा कमाने के लिए ब्लेंडिंग अनुपात बढ़ाना सही नहीं है। सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। इस बारे में केंद्र सरकार को जानकारी दे दी गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने राज्य सरकार को चुनौती दी कि वह पेट्रोल के नमूनों में एथनॉल की मात्रा की जांच के लिए अपनाए गए मानकों का खुलासा करे। वह तथ्यों का पता लगाने के लिए तेल विपणन कंपनियों के साथ मिलकर संयुक्त जांच करे।

कर्नाटक सरकार के इस दावे के बाद कि राज्य में पेट्रोल के नमूनों में एथनॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक है, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने स्पष्टीकरण जारी किया है। विजयेंद्र ने कहा कि इन कंपनियों ने देश भर के 700-800 ईंधन स्टेशनों से नमूने लिए थे, लेकिन उन्हें ऐसी कोई समस्या नहीं मिली, जिसका दावा राज्य सरकार कर रही है। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने सवाल उठाया कि क्या कर्नाटक में उच्च गुणवत्ता वाली जांच करने के लिए जरूरी प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। उन्होंने जांच किए जा रहे नमूनों की विश्वसनीयता पर भी संदेह जताया।

किसी को नहीं पता कि ये नमूने कहां से लिए गए थे सरकारी गोदामों से या पेट्रोल पंपों से? अगर इन्हें पेट्रोल पंपों से लिया गया था तो इस बात की क्या गारंटी है कि ईंधन में अलग से एथनॉल नहीं मिलाया गया था?

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम की आपत्तिजनक टिप्पणी

सुशील/एजेंसी, नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के बयान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने शनिवार को आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि नवीन को जो स्क्रिप्ट दी गई है, वह बस उसे पढ़ रहे हैं। इन बेचारे बिहारियों को कुछ आता नहीं है। हालांकि, बाद में कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने बिहारी शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था और निष्कर्ष निकालने से पहले पूरा वीडियो सुनने की मांग की।

इंटरनेट मीडिया के अनुसार, टिप्पणी का भाजपा नेताओं ने प्रतिवाद किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नितिन नवीन के बारे में इस शर्मनाक टिप्पणी की हम भर्त्सना करते हैं।

अग्रवाल मंडी टटीरी में दीपावली पर्व पर क्षेत्रवासियों को तीन साल के इंतजार के बाद रेलवे ओवरब्रिज का सपना साकार

नितिन कुमार सिंह, बागपत। अग्रवाल मंडी टटीरी में दीपावली पर्व पर क्षेत्रवासियों को तीन साल के इंतजार के बाद रेलवे ओवरब्रिज का सपना साकार हो गया। उत्तर प्रदेश के प्राणी उद्यान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और भाजपा विधायक योगेश धामा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर ओवरब्रिज का उद्घाटन किया।

शनिवार को उत्तर प्रदेश के प्राणी उद्यान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक ने कहा कि दीपावली पर रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात है।

सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और विधायक योगेश धामा की मौजूदगी में हुए उद्घाटन से लोगों में उत्साह है। उन्होंने समय से निर्माण पूरा करने पर संबंधित इंजीनियरों और कर्मचारियों का आभार जताया।

सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए दीपावली का तोहफा है। इसके निर्माण से राष्ट्रीय राजमार्ग पर डायवर्जन के कारण होने वाली परेशानी से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से यह विकास कार्य पूरा हुआ है।

भाजपा विधायक योगेश धामा ने विधायक योगेश धामा ने टटीरी रेलवे ओवरब्रिज के उद्घाटन पर क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। रेलवे ओवरब्रिज के शुरू होने से टटीरी और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

लंबे समय से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ओवरब्रिज चालू होने से आवागमन सुगम होगा और लोगों का समय भी बचेगा। दीपावली पर्व पर क्षेत्रवासियों को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

कस्बा टटीरी के प्रमुख समाजसेवी अनिल गांधी, किसान नेता नीरज चौधरी, भाकियू जिला प्रवक्ता चौधरी हिम्मत सिंह, नपं के पूर्व सभासद राकेश कुमार, राजीव कश्यप ने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज चालू होने से टटीरी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। ओवरब्रिज के शुरू होने से वाहन चालकों को अब रेलवे फाटक बंद होने के दौरान लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। ओवरब्रिज शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई।

वर्ष 2022 में बागपत जिले में तीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की योजना को मंजूरी मिली थी। इसके बाद मार्च 2023 में अग्रवाल मंडी टटीरी में रेलवे ओवरब्रिज और भूमिगत रास्ते के निर्माण के लिए लगभग 77.22 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया।

बजट मंजूरी के बाद रेलवे ने निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी और अब लंबे इंतजार के बाद ओवरब्रिज पर वाहनों का संचालन शुरू होने से क्षेत्रवासियों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

सुभाष चंद कश्यप समाजसेवी व पूर्व सांसद प्रत्याशी बागपत लोकसभा लगातार इस पुल के लिए धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाते रहे है। साथ ही जितने भी मलिनक मार्ग थे उन पर भी धरना प्रदर्शन कर सरकार व संबंधितो पर दबाव बनाते रहे है। अंधी तूफान बारिश में भी धरने दिये। जिलाधिकारी तक इस पुल को बनवाने के लिए लगातार ज्ञापन भी दिये। जिसका श्रेय सुभाष चंद कश्यप को भी जाना चाहिए।

कंपनी में निवेश का झांसा देकर करीब 31 लाख रुपये की ठगी

नितिन कुमार सिंह, बागपत। भगतजी स्वीट्स के स्वामी से कंपनी में निवेश का झांसा देकर करीब 31 लाख रुपये की ठगी की गई। अदालत के आदेश पर दिल्ली की अदालत के कर्मचारी समेत सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अग्रवाल मंडी टटीरी निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी भगत स्वीट्स की बागपत में दुकान है। आरोप है कि दिल्ली कड़कड़डूमा कोर्ट के कर्मचारी कर्मवीर सिंह ने वर्ष 2022 में ई-स्टोर कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए 25 लाख रुपये निवेश कर एक लाख रुपये प्रति माह का लाभ मिलने का वायदा किया।

ई-स्टोर कंपनी से जुड़े कई लोगों से मुलाकात कराई थी। दुकान में स्टोर किया गया। भरोसा करके कंपनी में 25.77 लाख रुपये निवेश किए गए। 2023 में कर्मवीर और अन्य स्टोर का सामान लेकर चले गए। उन्हें वायदे के मुताबिक लाभ नहीं मिला। निवेश के नाम पर दिए गए 25 लाख रुपये, दुकान किराया, बिजली बिल समेत 31 लाख रुपये की ठगी की गई। रुपये का तगादा करने पर धमकी दी।

कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल का कहना है कि इस मामले में कर्मवीर सिंह, अजय वर्मा, नितिन, दीपक दहिया, सचिन राणा निवासीगण अग्रवाल मंडी टटीरी, मुकेश त्यागी निवासी कार्यालय ई-स्टोर बागपत, मोहम्मद फैजान सेक्टर छह नोएडा, शमशाद निवासी गौतमबुद्धनगर के खिलाफ अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

फैक्ट्री में भीषण आग

अंजू देवी, सोनीपत। सोनीपत में कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने चार मंजिला इस फैक्ट्री को पूरी तरह से अपनी चपेट में लिया हुआ है। दमकल विभाग के कर्मियों ने करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री में स्टील के बर्तन बनते हैं। जानकारी के अनुसार, दमकल विभाग को सुबह करीब 5 बजे सूचना मिली कि कुंडली में दिल्ली सीमा के निकट स्थित स्टील के बर्तन बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई है।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग की भीषणता देखते हुए अन्य स्टेशनों से भी फायर टेंडरों को मौके पर बुलाया है। जानकारी के अनुसार, 10-12 फायर टेंडरों की मदद से दमकल कर्मियों ने करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कोशिश करो तैयार रहो सेवा करो

श्रीराम बाजपेयी स्काउट-गाइड एसोसिएशन

पंजीकरण संख्या- S/703/2014-दिल्ली, दिनांक 23 जनवरी 2014, संपूर्ण भारतवर्ष

वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्काउट्स-गाइड्स जर्मनी से भी संबंध

प्रधान कार्यालयः निर्भय एनक्लेव, खेकड़ा (बागपत) उ.प्र. पिन-250101

Email:- subhashchand4@gmail.com, Mob- 09837749557- 7906984078



संपूर्ण भारतवर्ष में श्रीराम बाजपेयी स्काउट-गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के माध्यम से, स्काउट-गाइड प्रशिक्षण कैंप, स्पोर्ट्स एक्टिविटीज, सिलाई सेंटर हेतु संपर्क करें।

स्काउट गाइड संस्थाओं NCC, NSS से जुड़े भाई-बहनो जुड़ने को प्राथमिकता।

(सुभाष चंद कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव, श्रीराम बाजपेयी स्काउट गाइड एसोसिएशन)

जीएच-7 सोसायटी के टावर नंबर सात की दसवीं मंजिल पर बंद फ्लैट में भीषण आग

मंजू कश्यप, गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित जीएच-7 सोसायटी के टावर नंबर सात की दसवीं मंजिल पर रविवार रात एक बंद फ्लैट में भीषण आग लग गई। फ्लैट के अंदर आग की लपटों के साथ अत्यधिक धुआं भर गया। सूचना पर क्रासिंग रिपब्लिक और कोतवाली अग्निशमन केंद्र से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता और धुएं को देखते हुए वैशाली अग्निशमन केंद्र से हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी बुलाया गया।

दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब पौन घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान फ्लैट में रखा घरेलू सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दमकल टीम ने मौके पर पहुंचते ही आग बुझाने का अभियान शुरू किया। 10वीं मंजिल स्थित साकेत जैन के फ्लैट में रात आठ बजे आग की सूचना मिली।

घटना के समय स्वजन अलवर गए हुए थे। सोसायटी के लोगों ने बालकनी से आग लगी देख दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने अंदर धुआं होने के कारण श्वसन सुरक्षा उपकरण पहनकर फ्लैट के अंदर प्रवेश किया। टीम ने सोसायटी में लगी अग्निशमन प्रणाली का भी इस्तेमाल किया। काफी प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकल विभाग की कार्रवाई से आग को आसपास के फ्लैटों और इमारत के अन्य हिस्सों तक फैलने से रोक लिया गया।

दमकलकर्मियों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए फ्लैट में रखे एक्वेरियम से एक मछली को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इससे उसकी जान बच गई।

दिल्ली की हवा और जहरीली

कृषणपाल/एजेंसी, दिल्ली। दिवाली का जश्न शुरू होते ही दिल्ली की हवा और जहरीली होने लगी है। रविवार शाम आतिशबाजी के साथ ही राजधानी के कई इलाकों में धुएं और धुंध की चादर छाने लगी। लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर अलग-अलग इलाकों में पटाखों के धुएं की गंध आने और दृश्यता कम होने की शिकायतें कीं। शाम सात बजे दिल्ली का तत्कालिक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 371 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। वहीं, दिन का औसत एक्यूआई 376 रहा, जबकि शनिवार को यह 369 था।

पटाखा जलाने के दौरान हुए हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत

अस्पताल परिसर में परिचितों और रिश्तेदारों की भीड़ जमा हो गई। बच्चे को खोने के गम में स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

कृषणपाल/एजेंसी, दिल्ली। रविवार रात नरेला इलाके में पटाखा जलाने के दौरान हुए हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जिस घर में त्योहार की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां कुछ ही देर में मातम पसर गया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही स्वजन और आसपास के लोग अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में परिचितों और रिश्तेदारों की भीड़ जमा हो गई। बच्चे को खोने के गम में स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 9.45 बजे की है। बच्चा अपने घर के सामने हाथ में पकड़कर अनार पटाखा जला रहा था। इसी दौरान पटाखा अचानक फट गया और उसकी छाती में गंभीर चोट लग गई। स्वजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात करीब 10.50 बजे अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि पटाखे से लगी चोट के कारण बच्चे की मौत हो गई है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

भाजपा ने गरीबो को हमेशा धोखा दिया, गरीबो के आरक्षण में दबंगो को शामिल कर गरीबो का पिछले 26 वर्षो से मार दिया, आओ बागपत लोकसभा को भाजपा मुक्त करे

बागपत लोकसभा की जनता जनार्दन आशीर्वाद दे तो एक बार फिर 2029 में निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा



निवेदक-

सुभाष चंद कश्यप

पूर्व सांसद प्रत्याशी बागपत लोकसभा 2014 निर्दलीय, 7906984078

पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 11 जनपद बागपत-2015

राष्ट्रीय महासचिव श्रीराम बाजपेई स्काउट गाइड एसोसिएशन ऑफ इंडिया

पता- कस्बा खेकड़ा जनपद बागपत उत्तर प्रदेश -250101

सम्पादकीय.....

आखिर दिल्ली के प्रदूषण का जिम्मेदार कौन?

आखिर दिल्ली के प्रदूषण का जिम्मेदार कौन? सरकारे अति जाती रहती लेकिन धरातल पर ध्यान किसी का नहीं जाता है। दिल्ली में बढ़ता वायु प्रदूषण केवल फेफड़ों को ही नुकसान नहीं पहुंचा रहा, बल्कि दिल, दिमाग और शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित कर रहा है। हवा में मौजूद पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण सांस के साथ फेफड़ों की गहराई तक पहुंचते हैं। अति सूक्ष्म कण रक्त प्रवाह में प्रवेश कर शरीर में सूजन और आक्सीकरण संबंधी तनाव बढ़ा सकते हैं। इससे रक्त वाहिकाओं की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है और हृदय रोग, हार्ट अटैक तथा स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। एम्स पल्मोनरी विभाग के पूर्व प्रमुख प्रो. डा. जीसी खिलनानी और वर्तमान प्रमुख प्रो. डा. अनंत मोहन ने भी प्रदूषण के व्यापक स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर चेतावनी दी है।

प्रो. डा. जीसी खिलनानी के अनुसार अति सूक्ष्म प्रदूषक कण फेफड़ों में पहुंचने के बाद रक्त प्रवाह के माध्यम से शरीर के दूसरे अंगों तक भी पहुंच रहे हैं, जिसका सीधा प्रभाव हृदय, रक्त वाहिकाओं, गुर्दे और पाचन तंत्र पर पड़ रहा है। इसके साथ अस्थमा, सीओपीडी और हार्ट अटैक के लिए अस्पतालों के आपातकालीन विभाग में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

एम्स के पल्मोनरी विभाग के प्रमुख प्रो. डा. अनंत मोहन का कहना है कि प्रदूषण से हृदय, मस्तिष्क के साथ शरीर की दूसरी कार्यप्रणालियां भी प्रभावित हो रही हैं। पिछले वर्ष दीपावली के बाद सांस की दिक्कतों के मरीजों की संख्या में करीब 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई थी।

संसद में प्रस्तुत केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के एम्स, सफदरजंग, डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज समूह, राष्ट्रीय क्षय रोग एवं श्वसन रोग संस्थान और वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में वर्ष 2022 से 2024 के बीच सांस की गंभीर बीमारियों के 2,04,758 से अधिक मरीज इमरजेंसी में पहुंचे थे।

अगर देश की राजधानी का यही हाल रहा तो लोगो को दिल्ली से आस पास के राज्यों में लोग अपना नया ठिकाना बनाने को मजबूर होंगे। इसलिए अभी से देश की सरकारों को प्रदूषण की और ध्यान देना पड़ेगा। धरातल पर बिना राजनैतिक स्वार्थ के कार्य करने होंगे। तभी लोग दिल्ली में अच्छी हवा में साँस ले पाएंगे।

2027 का विधानसभा चुनाव 80 बनाम 20 की लड़ाई

प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव 80 बनाम 20 की लड़ाई होगा। यह अनुपात मतदाताओं और सीटों, दोनों में दिखाई देगा। जेन-जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ है। रविवार को दीपावली पर एक मीडिया संस्थान को दिए विशेष साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी के अनुयायी हैं और उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में काम करते हैं।

हमारा कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है। विरासत और विकास की यात्रा को निष्काम भाव से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और असदुद्दीन ओवैसी पर प्रहार किए। कहा कि जनता सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि के लिए भाजपा का समर्थन करेगी। प्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर देश की तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचाया गया है। अब लक्ष्य सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है।

अखिलेश यादव के 12 दिसंबर को अयोध्या आने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान की नगरी में कोई भी आ सकता है, लेकिन पवित्र भाव से आना चाहिए। सपा मुखिया को रामभक्तों पर गोलियां चलवाने और अयोध्या की उपेक्षा के लिए माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में महर्षि वाल्मीकि, विश्वामित्र, गोस्वामी तुलसीदास, माता शबरी, निषादराज और गिद्धराज जटायु को सम्मान मिला है। लेकिन अयोध्या में रावण, मारीच, सुबाहु और ताड़का का कोई चिह्न नहीं है। फिर उनके भक्त यहां क्यों आना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि जनता सपा का सफाचट करेगी।

अयोध्या से चुनाव लड़ने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह यहां चुनाव लड़ने नहीं आए थे। जिन्होंने चुनौती दी थी, वे पीछे हट गए।

लखनऊ की हवा में घुलती धूल

प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ। राजधानी लखनऊ की हवा में घुलती धूल और वाहनों से निकलता जहरीला धुआं लोगों की सांसों पर भारी पड़ने लगा है। सड़कों पर उड़ती धूल, जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्यों, यातायात का बढ़ता दबाव और वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन वायु प्रदूषण को लगातार बढ़ा रहा है।

हालात यह हैं कि दिवाली से पहले ही इस सीजन में पहली बार लखनऊ का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 के पार पहुंच गया। शुक्रवार शाम तालकटोरा में एक्यूआइ 304 दर्ज किया गया, जबकि शनिवार को आलमबाग सबसे प्रदूषित क्षेत्र रहा। यहां एक्यूआइ 282 तक दर्ज किया गया। दिवाली के बाद स्थिति और गंभीर होने की आशंका है।

शहर में बढ़ते प्रदूषण के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। निर्माण स्थलों पर मानकों का पालन नहीं होने से धूल के महीन कण आसपास के क्षेत्रों में फैल रहे हैं। दूसरी ओर, वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या और ट्रैफिक जाम के कारण निकलने वाला धुआं हवा की गुणवत्ता को और खराब कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को को सुनवाई के दौरान वाहनों के धुएं और भारी ट्रैफिक को इस संकट की सबसे बड़ी वजह बताया।

राजधानी में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रमुख चौराहों, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर लगने वाले जाम में वाहन लंबे समय तक चालू रहते हैं। इससे कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड और सूक्ष्म कणों का उत्सर्जन होता है।

केशरी दर्पण समाचार पत्र के ऑनलाइन पत्रकार बने।
www.kesharidarpan.com
पर रजिस्टर/लॉगिन करे।
सम्पादक सुभाष चंद
9837749557

हिंदुत्व और सनातन सम्मान के मुद्दे पर भाजपा को चुनौती देने का ताना-बाना बुन रहे अखिलेश यादव

प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ। हिंदुत्व और सनातन सम्मान के मुद्दे पर ही भाजपा को चुनौती देने का ताना-बाना बुन रहे अखिलेश यादव अब अपनी रणनीति को बड़ा आयाम देने की तैयारी में हैं। धर्म से जुड़े मुद्दों को लगातार उठा रहे सपा प्रमुख राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण पर सबसे ज्यादा मुखर रहे थे। जिसके बाद भाजपा उनके राम मंदिर न जाने को लेकर सवाल खड़ी करती है और मंदिर आंदोलन की भी याद दिला रही है। अब पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने 12 दिसंबर को सपा प्रमुख के परिवार संग राम मंदिर जाकर रामलला के दर्शन करने की जानकारी दी है। विधान सभा चुनाव से ऐन पहले और विवादित ढांचा विध्वंस की बरसी के बाद प्रस्तावित यह दर्शन कार्यक्रम, निसंदेह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम होगा।

इसके सहारे सपा प्रमुख भाजपा के सवालों-आरोपों की धार कम करने और भाजपा के वैचारिक हिंदुत्व एजेंडे के मुकाबले सनातनियों में अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता बढ़ाने की कोशिश करेंगे। तिथि का लेकर अभी पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, परंतु सपा प्रमुख का जाना लगभग तय माना जा रहा है।

वह खुद कई बार इटावा में केदारेश्वर मंदिर पूरा होने के बाद राम मंदिर जाने की बात कह चुके हैं, बताया जा रहा है कि केदारेश्वर मंदिर का काम अंतिम चरण में है और अयोध्या दौरे से पहले वहां भी आयोजन करने पर विचार हो रहा है। इन दोनों ही कार्यक्रमों के पीछे सपा की सोची-समझी चुनावी रणनीति नजर आती है। सपा की चुनौती अपना परंपरागत सामाजिक आधार कायम रखते हुए दूसरे वर्गों को जोड़ने की है, इसीलिए सपा, पीडीए के विस्तार की कोशिश संग धार्मिक-सांस्कृतिक विमर्श में भी मुखर है।

वैसे यह संतुलन आसान नहीं। मंदिर आंदोलन के दौरान वर्ष 1990 में कारसेवकों पर गोली चलने की घटना को भाजपा आज भी मुलायम सिंह यादव की सरकार से जोड़कर उठाती है। ऐसे में अखिलेश के सामने रामलला के दर्शन के साथ ये सवाल भी हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद की जीत के बाद सपा राम मंदिर के राजनीतिक विमर्श को नया मोड़ देने की कोशिश कर रही है।

सामाजिक समीकरणों और स्थानीय मुद्दों की जीत के रूप में प्रस्तुत करती रही है। मंदिर निर्माण के साथ विस्थापन, व्यापारियों की समस्याओं और स्थानीय लोगों की शिकायतों को उठाकर अखिलेश अयोध्या के विकास के दूसरे पहलुओं पर भी सवाल करते रहे हैं। अब सपा प्रमुख रामलला के दर्शन के जरिए आस्था के सवाल पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के साथ अयोध्या में राजनीतिक सक्रियता को भी नया विस्तार दे सकते हैं। सपा प्रमुख की यात्रा पूरे परिवार संग प्रस्तावित है, इससे पार्टी धार्मिक आस्था को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का संदेश बनाने की कोशिश करेगी।

सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा के 52 अधिकारियों को पदोन्नति की सौगात दी

प्रमोद कश्यप/एजेंसी, लखनऊ। प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा के 52 अधिकारियों को पदोन्नति की सौगात दी है। शनिवार को विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर राज्यपाल ने इन अधिकारियों को वेतनमान के लेवल-11 से लेवल-12 में पदोन्नति प्रदान किए जाने की स्वीकृति दे दी है। इससे अधिकारियों का ग्रेड-पे 6600 रुपये से बढ़कर 7600 रुपये हो जाएगा।

पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में वर्ष 2012, 2013 और 2014 के अधिकारी हैं। इनमें सुशील प्रताप सिंह, रजनीश कुमार मिश्र, हिमांशु कुमार गुप्ता, राजेश कुमार यादव, जुबेर बेग, अमित कुमार भट्ट, ममता मालवीय, राहुल यादव, विनीत कुमार सिंह, पूजा मिश्रा, ज्योत्सना यादव, शिशिर कुमार और पूर्णिमा सिंह समेत अन्य अधिकारी हैं। इनमें लखनऊ विकास प्राधिकरण, विभिन्न जिलों के कलेक्ट्रेट, नगर निगम, विकास प्राधिकरण और मंडलीय कार्यालयों में तैनात अधिकारी शामिल हैं।

आदेश के अनुसार पदोन्नति का लाभ वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अनुमन्य होगा। इससे अधिकारियों के वेतन और सेवा संबंधी लाभों में भी वृद्धि होगा।

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ में तैनात विकास कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव-द्वितीय और मोहम्मद मोइनुल इस्लाम भी पदोन्नति पाने वालों में हैं। कानपुर नगर में तैनात राहुल यादव का नाम भी सूची में शामिल है। पदोन्नति का लाभ वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मिलेगा।

केशरी दर्पण समाचार पत्र में समाचार व विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करे।
संपादक
सुभाष चंद 9837749557

नोटः पत्र में छपे लेख, लेखकों के निजी विचार है, सम्पादक का इनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है। आप स्वयं जांच करें। किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र बागपत होगा।

RNI. No. UPHIN/2010/36806, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक सुभाष चन्द ने इण्डियन प्रेस, राजेन्द्र नगर, मेरठ से छपवाकर कार्यालय ग्राम वाजिदपुर, पोस्ट तहसील बडौत, जिला बागपत से प्रकाशित किया। सम्पादकः सुभाष चन्द, मो. 9837749557, प्रबन्धक सम्पादकः राजवीर सिंह , (किसी भी विवाद के लिए बागपत न्यायालय मान्य)